भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 1309
09 फरवरी, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

आयुष्मान भारत स्वास्थ्य और आरोग्य केन्द्र

1309. श्री राजन बाबूराव विचारे:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत महाराष्ट्र में स्वास्थ्य अवसंरचना के विकास पर व्यय की गई निधि का वित्तीय वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) उक्त मिशन के तहत महाराष्ट्र में स्थापित/स्थापित किए जाने वाले आयुष्मान भारत स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों की संख्या कितनी है;
(ग) मिशन के तहत एचडब्ल्यूसी की स्थापना और उन्नयन के लिए दिशानिर्देशों का ब्यौरा क्या है; और
(घ) महाराष्ट्र में मेरे ठाणे संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में स्थापित/स्थापित किए जाने वाले एचडब्ल्यूसीएस की संख्या कितनी है?

<u>उत्तर</u>
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (प्रो. एस. पी. सिंह बघेल)

(क) से (घ): आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) (जिसे पहले राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य मिशन के रूप में जाना जाता था) का सितंबर, 2021 में शुभारंभ किया गया था। एबीडीएम का उद्देश्य स्वास्थ्य पारिस्थितिकी तंत्र के अंतर्गत स्वास्थ्य डेटा की अंत: प्रचालनीयता को सक्षम बनाने वाला एक ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म तैयार करना है। इस मिशन का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक का इलेक्ट्रॉनिक स्वास्थ्य रिकॉर्ड (ईएचआर) सृजित करना है।

इस स्कीम के तहत, मानव संसाधन, क्षमता निर्माण (सीबी) और सूचना, शिक्षा और संचार (आईईसी) कार्यकलापों के लिए वित्तपोषण सभी राज्यों (महाराष्ट्र सहित) और संघ राज्य क्षेत्र (यूटी) को इस मिशन को चलाने और सभी सुविधाकेंद्रों/स्वास्थ्य व्यावसायिकों को ऑन-बोर्डिंग करने में आवश्यक हैंडहोल्डिंग सहायता की सुविधा प्रदान करने और एबीडीएम पारिस्थितिकी तंत्र के तहत सभी राज्य स्वास्थ्य

कार्यक्रमों/समाधानों को एकीकृत करने के लिए प्रदान किया जाता है। एबीडीएम के तहत, महाराष्ट्र को 98,89,181 रुपये जारी किए गए हैं, जिसका वित्त वर्ष-वार विवरण निम्नानुसार है:

वित्तीय वर्ष	**महाराष्ट्र को जारी की गई निधियां**
2021-22	55,35,881
2022-23	43,53,300
2023-24	-

जैसा कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर (एएएम) पोर्टल पर राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा अद्यतित किया गया है, महाराष्ट्र में स्थापित कार्यशील आयुष्मान आरोग्य मंदिर (पूर्ववर्ती स्वास्थ्य और आरोग्य केंद्र) की संख्या 11,136 है, जिसमें 4 फरवरी, 2024 तक की स्थिति के अनुसार महाराष्ट्र में ठाणे संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में 244 आयुष्मान आरोग्य मंदिर शामिल हैं।

एचडब्ल्यूसी की स्थापना और उनके उन्नयन के लिए दिशा निर्देशों का विवरण https://ab-hwc.nhp.gov.in/download/document/45a4ab64b74ab124cfd853ec9a0127e4.pdf पर देखा जा सकता है।

*****